संक्षिप्त

डाक अदालत का आयोजन कल

उदयपुर, (कासं)। डाक विभाग के तत्वावधान में 7 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे मंडल स्तर पर चेटक सर्कल स्थित प्रवर अधीक्षक, प्रधान डाकघर में डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। डाक अदालत में डाकघर काउंटर सेवा, मनी ऑर्डर, बचत बैंक, मूल्यदेय वस्तुएं, पार्सल एवं बीमा वस्तुएं, डाक जीवन बीमा तथा विदेश डाक वस्तुओं से संबंधित जनता की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया जाएगा। डाक मण्डल के प्रवर अधीक्षक ने बताया कि उदयपुर मंडल के अधीन आने वाले डाकघरों के उपभोक्ताओं को उनकी शिकायतों का अभी तक संतोषजनक समाधान नहीं मिला है, वे अपनी शिकायत का पूर्ण विवरण निर्धारित प्रारूप में 7 अक्टूबर तक चेटक सर्कल, उदयपुर-04 स्थित कार्यालय, प्रवर अधीक्षक डाकघर को प्रेषित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता 7 अक्टूबर को आयोजित डाक अदालत में व्यक्तिगत रूप से भी उपस्थित हो सकते हैं। शिकायत के लिए शिकायतकर्ता का नाम व पता, जिस कार्यालय में प्रथम बार शिकायत दर्ज करवाई गई उसका नाम, शिकायत का पूर्ण विवरण तथा प्राप्तकर्ता का नाम व पता देना आवश्यक होगा।

दाऊदी बोहरा जमात की बैठक

उदयपुर, (कासं)। सुधारवादी बोहरा समुदाय से संबंधित दाऊदी बोहरा जमात की सालाना आम बैठक में जमात के अध्यक्ष इकबाल हुसैन रस्सावाला ने जमात से जुड़े सभी इदारों का वर्षभर का सामाजिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया तथा आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी देते हुए समाज के सर्वांगीण विकास के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर आमसभा की स्वीकृति प्राप्त की।उन्होंने बताया कि आने वाले समय में समाज के प्रत्येक सदस्य को यूनिक आईडी बनकर तैयार हो चुकी हैं जो जल्दी घर के मुखिया के आईडी पर भेजी जाएगी। साथ ही बच्चों और युवाओं को शिक्षा व खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करने की योजनाओ की जानकारी प्रेषित की गई। साथ ही इस साल आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता की सफलता के बारें में चर्चा की गई। इस अवसर दाऊदी बोहरा जमात ने तहरीक के लिए बहुत ही जानशीनी से काम करने वाले हज़रात का सम्मान किया गया।

विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट में शानदार प्रदर्शन

उदयपुर,(कासं)। पैसिफिक कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। प्रतिष्ठित कंपनी रोबोटिक्स द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया के अंतर्गत आयोजित लिखित परीक्षा में कुल 20 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इसके पश्चात आयोजित अंतिम चयन प्रक्रिया में बी.फार्मेसी एवं फार्मा डी के चौथे वर्ष के कुल 6 विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। पाहेर यूनिवरसिटी के चेयरमैन राहुल अग्रवाल, रजिस्ट्रार शरद कोठारी, ग्रुप प्रेसिडेंट डॉ. बी.पी. शर्मा एवं प्रेसिडेंट डॉ. हेमंत कोठारी ने विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एफएसटीपी केवल एक प्लांट नहीं, बल्कि स्वच्छता व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है : के.के. गुप्ता

उदयपुर, (कासं)। स्वच्छ और स्वस्थ शहरों की दिशा में राजस्थान अब फीकल स्लज के वैज्ञानिक प्रबंधन को और मजबूत करने की तैयारी में है। सेप्टिक टैंक और पिट से निकलने वाले मल-कीचड़ के सुरक्षित उपचार एवं निस्तारण के लिए प्रदेश में तेजी से फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) स्थापित किए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में 200 से अधिक फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस व्यवस्था को विस्तार दिया जा रहा है। इन प्लांट के बेहतर संचालन, रखरखाव और वैज्ञानिक निस्तारण को लेकर सोमवार को उदयपुर में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। स्वायत्त शासन विभाग के निर्देश पर आयोजित कार्यशाला में राज्य के विभिन्न नगरीय निकायों के आयुक्त, अधिशासी अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए।



उदयपुर में आयोजित फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की विशेष कार्यशाला आयोजित हुई।

- एफएसटीपी के माध्यम से मल-कीचड़ का वैज्ञानिक उपचार होने से जलस्रोतों और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलेगी : गुप्ता

कार्यशाला में मुख्य वक्ता स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर केके गुप्ता, जयपुर के मनीष अरोड़ा, एसबीएम के प्रदीप गर्ग सहित अन्य अधिकारी मंचासीन रहे। विशेषज्ञों ने एफएसटीपी के संचालन, फीकल स्लज व सेप्टेज मैनेजमेंट, परिवहन, रखरखाव, उपचार और सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। स्वच्छता के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा करते हुए केके गुप्ता ने कहा कि एफएसटीपी केवल एक प्लांट नहीं, बल्कि पूरी स्वच्छता व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है। सेप्टिक टैंक से स्लज उठाने से लेकर उसे निर्धारित स्थान तक पहुंचाने, वैज्ञानिक तरीके से उपचार करने और उपचारित सामग्री के सुरक्षित उपयोग या निस्तारण तक पूरी व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में एफएसटीपी का विस्तार स्वच्छता व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम है। अब जरूरत है कि प्रत्येक निकाय अपने क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों के अनुसार प्लांट का बेहतर संचालन करे और उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करे।

गुप्ता ने बताया कि एफएसटीपी की योजना बनाते समय केवल जनसंख्या को आधार बनाने के बजाय क्षेत्र की वास्तविक जरूरत को भी समझना चाहिए। कितने परिवार सेप्टिक टैंक या पिट का उपयोग करते हैं, कितने परिवार सीवरेज नेटवर्क से जुड़े हैं, सेप्टिक टैंक कितने समय में खाली होते हैं और क्षेत्र में प्रतिदिन या प्रतिमाह कितना फीकल स्लज निकलता है-इन सभी पहलुओं का अध्ययन प्लांट की बेहतर योजना में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरत अलग हो सकती है, इसलिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप मॉडल तैयार करने से एफएसटीपी की क्षमता का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा।

केके गुप्ता ने कहा कि जहां एफएसटीपी पहले से संचालित हैं, वहां आसपास के क्षेत्रों की जरूरत को भी उससे जोड़ा जा सकता है। इससे उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल होगा और वैज्ञानिक स्लज प्रबंधन का दायरा बढ़ेगा। भविष्य में सीवरेज नेटवर्क के विस्तार को भी ध्यान में रखते हुए एफएसटीपी की योजना बनाना उपयोगी रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि प्लांट के संचालन की नियमित मॉनिटरिंग के साथ यह भी देखा जाए कि कितना स्लज प्राप्त हो रहा है, उपचार की प्रक्रिया सुचारू है या नहीं और उपचारित सामग्री का सुरक्षित निस्तारण किस प्रकार किया जा रहा है। गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को सफल बनाने में आमजन की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सेप्टिक टैंक की समय पर सफाई करवाना, अधिकृत एजेंसी से स्लज उठवाना और उसे निर्धारित एफएसटीपी तक पहुंचाना स्वच्छता की पूरी श्रृंखला का हिस्सा है। इसके लिए निकायों को आमजन में जागरूकता बढ़ाने के साथ अधिकृत डीसूगीग व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि जल, पर्यावरण और जनस्वास्थ्य से सीधे जुड़ी व्यवस्था है। एफएसटीपी के माध्यम से मल-कीचड़ का वैज्ञानिक उपचार होने से जलस्रोतों और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलेगी। कार्यशाला में अधिकारियों ने एफएसटीपी के बेहतर संचालन और फीकल स्लज सेप्टेज मैनेजमेंट को प्रभावी बनाने के लिए आपसी अनुभव भी साझा किए। राजस्थान में विकसित हो रही इस व्यवस्था को निकायों के स्तर पर मजबूत करने और स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर मॉडल तैयार करने पर जोर दिया।

राजसमंद की बालिका टीम ने 14 वर्ष छात्रा वर्ग में सिल्वर पदक जीता

राजसमंद, (निसं)। 70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में राजसमंद की बालिका टीम ने 14 वर्ष छात्रा वर्ग में सिल्वर पदक जीता। प्रतियोगिता राउप्रावि काजा का गोलिया में आयोजित हुई है। टीम ने सेमीफ ाइनल में 5-4 से अजमेर को हरा कर फ ाइनल में पहुंची फ ाइनल में टीम हनुमानगढ से हार गई व दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीम कोच वी पी सिंह चुण्डावत जितेंद्र सिंह चुंडावत, लक्ष्मण गुर्जर, दौलत राम, पंकज गाडरी, अशोक, सुनीता जाखड, मैनेजर संजू कंवर भाटी ने बताया कि मैच की शुरुआत से टीम ने आक्रामक खेल दिखाया।

रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

उदयपुर, (कासं)। पंचायती राज चुनाव-2026 की तैयारियों के तहत रिटर्निंग अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण जिला परिषद सभागार में हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित प्रशिक्षण में अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों, दायित्वों एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्र सिंह राठौड भी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने अधिकारियों को कहा कि पंचायती राज चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की जमीनी कडी हैं, इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया से जुडे प्रत्येक अधिकारी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में निष्पक्षता, पारदर्शिता और नियमों का अक्षरश: पालन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे निर्वाचन से संबंधित सभी प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं का गहन अध्ययन कर लें, ताकि चुनाव के दौरान किसी भी स्थिति में निर्णय लेने में कठिनाई नहीं हो। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालते हैं। नामांकन से लेकर जांच, नाम वापसी, मतदान और मतगणना तक प्रत्येक चरण में निर्धारित नियमों एवं निर्देशों की पालना सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अस्पष्टता की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए।

कार्यालय नगर परिषद, राजसमन्द
जिला-राजसमन्द

क्र: नपरा/राजस्व/2026-27/5177 दि. 13.7.2026

आपत्ति सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ताराचन्द पालीवाल पिता श्री तुलसीराम पालीवाल निवासी जावद तहसील व जिला-राजसमन्द द्वारा ऑनलाईन क्रमांक 89809 से पैतृक/खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/वाणिज्य पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम-टुंकड़ा खुर्द के आराजी नं. 239/205, 238/205 में पट्टा संख्या 224 दिनांक 21.12.2012 भूखण्ड संख्या- का क्षेत्रफल 2500.00 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रयशुदा/प्राप्तशुदा उक्त भूखण्ड सं.-2बी का क्षेत्रफल 1250.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/नामान्तरण चाही गई है। जिसके पड़ौस निम्नानुसार है :-

पूर्व	:-	50'00''	पड़ौस	प्लॉट संख्या 03
पश्चिम	:-	50'00''	पड़ौस	इसी प्लॉट का शेष भाग प्लॉट संख्या 02 ए
उत्तर	:-	25'00''	पड़ौस	प्लॉट संख्या 07
दक्षिण	:-	25'00''	पड़ौस	रास्ता 80 फीट चौड़ा।

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त -उदयपुर
"Salumber Chauhara, Sector 11, Udaipur

पत्र क्रमांक :- उप.आ.आ./वृत्त-उद/2026-27/752 दिनांक :- 28.9.2026

-: जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण) :-

आवास संख्या 4-ग-17 आयवर्ग EWS क्षेत्र 44.43 वर्ग मीटर योजना हिरण मगरी सेक्टर-4 आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्री भंवरलाल धाकड पुत्र श्री छगनलाल धाकड को आवंटन पत्र क्रमांक 2930 दिनांक 02.07.1983 जारी कर कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अंतिम प्रमाण पत्र क्रमांक 1934 दिनांक 12.08.2013, श्री भंवरलाल धाकड पुत्र श्री छगनलाल धाकड को जारी किया गया एवं प्रथम पंजीयन दिनांक 27.08.2013 द्वारा श्री भंवरलाल धाकड पुत्र श्री छगनलाल धाकड के पक्ष में निष्पादित कराया गया। पंजीयन उपरान्त श्री भंवरलाल धाकड पुत्र श्री छगनलाल धाकड ने उक्त आवास का विक्रय-पत्र (पंजीकृत) दिनांक 10.02.2014 द्वारा श्री प्रदीप सिंघवी पुत्र श्री अर्जुनलाल सिंघवी को बेचान किया गया एवं श्री प्रदीप सिंघवी पुत्र श्री अर्जुनलाल सिंघवी ने उक्त आवास का विक्रय-पत्र (पंजीकृत) दिनांक 03.04.2014 द्वारा श्री संजय मेहता पुत्र श्री हिम्मत सिंह मेहता को बेचान किया गया। कार्यालय पत्रांक 990 दिनांक 04.08.2015 द्वारा श्री संजय मेहता पुत्र श्री हिम्मत सिंह मेहता को नामान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात् श्री संजय मेहता पुत्र श्री हिम्मत सिंह मेहता ने पुनः उक्त आवास का विक्रय पत्र (पंजीकृत) दिनांक 13.04.2026 द्वारा श्री धर्मचन्द जैन पुत्र श्री चंदनमल जैन एवं श्रीमती अन्जु देवी जैन पत्नी श्री धर्मचन्द जैन को संयुक्त रूप से बेचान किया गया। श्री धर्मचन्द जैन पुत्र श्री चंदनमल जैन एवं श्रीमती अन्जु देवी जैन पत्नी श्री धर्मचन्द जैन ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय-पत्र (पंजीकृत) के आधार पर संयुक्त रूप से अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री धर्मचन्द जैन पुत्र श्री चंदनमल जैन एवं श्रीमती अन्जु देवी जैन पत्नी श्री धर्मचन्द जैन ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि विक्रय-पत्र (पंजीकृत) के आधार पर उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावें। अतः इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर - अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 4-ग-17, हिरण मगरी सेक्टर-4 आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्री धर्मचन्द जैन पुत्र श्री चंदनमल जैन एवं श्रीमती अन्जु देवी जैन पत्नी श्री धर्मचन्द जैन के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त - उदयपुर

सज्जनगढ़ में नेचर ट्रेल, मूक-बधिर बच्चों ने देखा गुलाब बाग बर्ड पार्क



गुलाबबाग जन्तुआलय में भ्रमण के लिए पहुंचे मूक बधिर बच्चों के साथ वन विभाग की टीम।

उदयपुर, (कासं)। वन्यजीव सप्ताह-2026 के तहत वन विभाग की ओर से सोमवार को प्रकृति एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दो विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में नेचर ट्रेल आयोजित हुई, वहीं गुलाब बाग बर्ड पार्क में मूक-बधिर बच्चों के लिए नि:शुल्क भ्रमण कार्यक्रम रखा गया। सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में आयोजित नेचर ट्रेल में करीब 40 प्रकृति प्रेमियों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। ट्रेल गौरेला व्यू प्वाइंट से शुरू होकर महाराणा प्रताप नेचर ट्रेल होते हुए बड़ी पाल पर संपन्न हुई। इस दौरान उप वन संरक्षक, वन्यजीव, उदयपुर अनुराग कुमार भटनागर ने प्रतिभागियों को सज्जनगढ़ अभयारण्य की समृद्ध जैव विविधता से रूबरू कराया।

इस अवसर पर सहायक वन संरक्षक सज्जनगढ़ सुरभि शर्मा, सहायक वन संरक्षक फुलवारी की नाल कपिल कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी सज्जनगढ़ सीताराम मीणा सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यशाला में सतत मल-कीचड प्रबंधन और ग्रामीण-शहरी समन्वय पर मंथन

उदयपुर, (कासं)। स्थानीय निकाय निदेशालय, राजस्थान एवं सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर में सतत मल-कीचड प्रबंधन, संयंत्रों की क्षमता के अनुरूप उपयोगिता, ग्रामीण-शहरी समन्वय तथा संचालन व्यवस्था को सुदृढ करने के विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं अभियंताओं ने भाग लेकर स्वच्छता व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया।

कार्यशाला का शुभारंभ स्वच्छता अभियान के ब्रांड प्रतिनिधि के.के. गुप्ता, संयुक्त निदेशक मुरारी लाल शर्मा, अधीक्षण अभियंता नगर निगम उदयपुर लखन लाल बैरवा, डॉ. गौरव सिंह तथा सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के निदेशक सुब्रत चक्रवर्ती सहित अन्य अधिकारियों ने किया।

कार्यशाला में सत्यनारायण वर्मा ने राजस्थान में मल-कीचड प्रबंधन की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। वहीं संयुक्त निदेशक मुरारी लाल शर्मा एवं सहायक अभियंता डॉ. गौरव सिंह ने ग्रामीण एवं शहरी स्वच्छता अभियानों के बीच समन्वय तथा उपयोग किए गए जल के प्रबंधन की प्रदेश में वर्तमान स्थिति पर प्रस्तुतीकरण दिया।

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की ओर से ज्योतिप्रसाद एवं डॉ. सुमिता सिंघल ने प्रदेश के नगरीय निकायों की क्षमता बढाने तथा मल-कीचड प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सलाहकार धेनु खट्टर ने मल-कीचड प्रबंधन के लिए प्रस्तावित क्षमता विकास कार्यशालाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा प्रतिभागियों से सुझाव प्राप्त किए। इसी क्रम में राहुल बंसीवाल, सूचना, शिक्षा एवं संचार प्रभारी, स्वच्छ भारत मिशन शहरी ने नगरीय निकाय स्तर पर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा विभिन्न नवाचारों की जानकारी साझा की। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश एवं ओडिशा से आए विशेषज्ञों ने बिना भूमिगत मल निकासी व्यवस्था वाले क्षेत्रों में स्वच्छता प्रबंधन तथा मल-कीचड प्रबंधन के सफल अनुभव साझा किए। साथ ही उपचारित जल एवं जैव ठोस पदार्थों के पुन: उपयोग तथा मल-कीचड प्रबंधन से जुडी आधारभूत संरचनाओं के संचालन, शासन एवं निगरानी व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में प्रदेश के 70 से अधिक नगरीय निकायों के नोडल अधिकारी एवं अभियंता शामिल हुए। प्रतिभागियों ने विभिन्न तकनीकी विषयों पर चर्चा करते हुए स्थानीय स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव भी रखे। कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। अंत में स्थानीय निकाय निदेशालय के अधिकारियों द्वारा सभी विशेषज्ञों, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यालय नगर परिषद राजसमन्द, जिला-राजसमन्द

क्रमांक:न.प.रा/2026/5045-5046 दिनांक : 30/09/2026

आपत्ती सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमलेश हिंगड पिता श्री बंशीलाल हिंगड निवासी कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा राजस्व ग्राम धोईन्दा खसरा नम्बर 1882 से 1884 में कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (भू.रू.) उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द जिला राजसमन्द द्वारा पत्रावली संख्या 116/96 पट्टा संख्या 93/97 दिनांक 03.03.1997 भूखण्ड क्षैत्रफल 203.11 वर्गगजका जारी किया गया है। प्रार्थी द्वारा पट्टा सं. 93/97 भूखण्ड क्षैत्रफल 203.11 वर्गगज का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करवाना चाहते है। उक्त भू-उपयोग परिवर्तन करने में कोई आपत्ती हो तो 15 दिवस में अपनी आपत्ती लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद राजसमन्द

उदयपुर में बन रहा देश का पहला आर्किटेक्ट्स टावर, उद्घाटन 9 अक्टूबर को

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में शोभागपुरा रोड पर बन रहे जेके सर्कल पर बन रहा देश का पहला आर्किटेक्ट्स टॉवर लगभग बनकर तैयार हो चुका है। सोमवार को इस अद्भुत और अलग अंदाज में बनाए जा रहे सर्कल में मंगलवार को 'टाइम केप्सूल' को स्थापित किया गया। इस केप्सूल में शहरवासियों की ओर से दी गई कई ऐसी कलाओं को संरक्षित किया गया जिससे 20 साल बाद आने वाली पीढ़ियों को वो जानकारी दे सकेगी जो उदयपुर का इतिहास बन चुकी है। यह टाइम कैप्सूल 26 जनवरी 2047 को सुबह 20 साल बाद इसे बाहर निकाला जाएगा।

आर्किटेक्ट सुनील लड्ढा व प्रियंका कोठारी ने बताया कि इस टाइम कैप्सूल में शहर के मनीष गोलछा ने एक एलबम दी है जो उदयपुर शहर की पुरानी इमारतें जिनमें उदियापोल चौराहा, सूरजपोल चौराहा की छतरी जैसे रेयर कलेक्शन फोटो शामिल है। वहीं उदयपुर को अर्बन के कलाकारों ने उदयपुर शहर को अलग-अलग स्कैच करके डाला है। करीब ढाई फीट लंबा व डेढ फीट चौड़े इस टाइम कैप्सूल को जमीन में डाला गया है जो करीब बीस सालों तक संरक्षित रहेगा। महाराणा कुंभा के वास्तुकार मंडन की स्मृति में बन रहे 30 फीट ऊंचे इस आर्किटेक्ट्स टॉवर का उद्घाटन आगामी 9 अक्टूबर को किया जाएगा। लगभग इस टॉवर का काम पूरा हो चुका है। देश के पहले ऐसे टॉवर की खास बात यह है कि इसमें एक तरफ वर्टिकल सन डायल (सूर्य घड़ी) लगाई गई जो सूरज की रोशनी के अनुरूप चलेगी ओर टाइम बताएगी वहीं दूसरी और रात में भी लोगों को इससे सही समय की जानकारी मिल सके इसके लिए सामान्य घड़ी लगाई गई है। यह टॉवर केवल एक स्मारक नहीं होगा, बल्कि इसे एक एजुकेशनल लैंडमार्क के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

नियंत्रण कक्ष स्थापित

उदयपुर, (कासं)। राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान जयपुर द्वारा संपादित कराए जाने वाले पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के दौरान प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों के परीक्षण एवं समय पर निस्तारण तथा सूचनाओं के संकलन एवं सम्प्रेषण के लिए जिला कलेक्ट्रेट में नियंत्रण एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है।

चुनाव नियंत्रण कक्ष की सहायक प्रभारी रागिनी डामोर ने बताया कि यह प्रकोष्ठ जिला कलेक्टर के कमरा नंबर-219, कॉन्फ्रेंस हॉल, प्रथम तल में चुनाव समाप्ति तक संचालित रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रकोष्ठ 2407 कार्य करेगा।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/उप.एकी./2026/6230 दिनांक : 13/08/2026

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का उपविभाजन/एकीकरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर उपविभाजन/एकीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 07 दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री हितेष लोहार पिता श्री राजेश लोहार	भूखण्ड संख्या-49 क्षैत्रफल-1785 वर्गफिट, नाकोडा नगर लाल बाग, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-50	भूखण्ड संख्या-48	अन्य कृषि भूमि	30 फिट रोड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2026/5820 दिनांक : 05/08/2026

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 07 दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री शाहीद हुसैन पिता श्री अब्दुल रहमान निवासी-मोहनगढ़, बोहरा मोहल्ला, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-17 क्षैत्रफल-1575 वर्गफिट, गिरिराज दर्शन, गिरिराजपुरा, नाथद्वारा	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-21	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-18

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)
Email:np_ntd@yahoo.in Phone.02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/उप.एकी./2026/7444 दिनांक : 07/09/2026

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का उपविभाजन/एकीकरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर उपविभाजन/एकीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 07 दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती हेमलता शर्मा पत्नि श्री प्रवीण शर्मा निवासी-लोधा घाटी, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-30ए क्षैत्रफल-787.50 वर्गफिट, गोकुल विहार कॉलोनी, श्रीनाथ कॉलोनी पावटी रोड, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-30 बी	भूखण्ड संख्या-31	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-35
2	श्री अक्षय कुमार शर्मा पिता श्री दिनेश चन्द्र शर्मा निवासी-सुखाड़िया नगर, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-30बी क्षैत्रफल-787.50 वर्गफिट, गोकुल विहार कॉलोनी, श्रीनाथ कॉलोनी पावटी रोड, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-29	भूखण्ड संख्या-30ए	30 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-35

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

Name Changed
I have changed my name from Mustamsir Kamruddin Attarwala to Mustansir Attarwala. In future to be known by new name. R/o H.No. 1/A, Kharol Colony, Fatehpura Udaipur 313001.

Name Changed
I have changed my name from Fatima Mustans